GOVERNMENT OF KARNATAKA

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**

6th CROSS MALLESHWARAM BENGALURU - 560003

# 2026-27 II PUC MODEL QUESTION PAPER - 1

**SUBJECT: HINDI (03)** — **MAXIMUM MARKS : 80**

**TIME: 3.00 HOURS** — **NUMBER OF QUESTIONS:42**

**सूचना:**

**1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।**

**2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।**

**3) प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।**

**4) खण्ड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।**

***

## खण्ड – 'क'

I. **अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिए:** **10×1=10**

1. सुजान की गोद में सिर रखे इन्हें अकथनीय सुख मिल रहा था-

i) भोला को ii) शंकर को iii) बुलाकी को iv) बैलों को

2. महानगरों में रहनेवाले लोग यह भूल गये हैं –

i) पड़ोस - संघर्ष ii) पड़ोस - स्नेह iii) पड़ोस – कल्चर iv) पड़ोस - मतभेद

3 विश्वेश्वरय्या ने इस बाँध के लिए ऑटोमैटिक गेटों का डिज़ाइन किया -

i) कृष्णराज सागर ii) नागार्जुन iii) हिराकुड iv) खड़क वासला

4. 'यात्रा जापान की' पाठ के आधार पर जापान का गुणधर्म है -

i) वैचारिकता ii) वीरता iii) शालीनता iv) विश्वसनीयता

5. 'शिन्कान्सेन' का शाब्दिक अर्थ है -

i) न्यू ट्रंक लाइन अथवा बुलेट ट्रेन ii) सुपर फास्ट एक्सप्रेस

iii) वंदे जापान iv) वंदे भारत

6. 'गहने' कविता के कवि हैं-

i) डॉ. बरसानेलाल चतुर्वेदी ii) माखनलाल चतुर्वेदी iii) नरेंद्र शर्मा iv) डॉ. कुवेंपु

7. 'पंजाब केसरी' इन्हें कहा जाता है -

i) दिलीप सिंह ii) गोविंद सिंह iii) रणजीत सिंह iv) लाला लाजपत राय

8. दादाजी के अनुसार उनका परिवार इस पेड़ के समान है -

i) आम ii) बरगद iii) अशोक iv) नारियल

9. 'वह तो बच्ची है मिश्रानी, तू भी उसके साथ बच्ची हो गयी!' इस वाक्य में छोटी भाभी के अनुसार 'बच्ची' है -

i) बेला ii) इन्दु iii) मँझली बहू iv) पारो

10. शामनाथ की माँ के सब ज़ेवर इसलिए बिक गए थे-

i) बेटे की शादी के लिए ii) बेटे की पढ़ाई में

iii) बेटे की नौकरी के लिए iv) बहू के गहनों के लिए

**आ) कोष्ठक में दिए गए उचित कारक चिह्नों से रिक्त स्थान भरिए: 5×1=5**

**( पर, ने, को, से, में, की )**

11. कॉलेज --------- प्रिंसिपल का पत्र आया।
12. होटल _____ हिन्दी संगीत चल रहा है।
13. पेड़ _____ पंछी का घोंसला है।
14. बच्चों _____ शोर मचाया।
15. अध्यापक बच्चों _____ पढ़ा रहे हैं।

**इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए: 5×1=5**

| | |
|---|---|
| 16. a. कंचन बरसना | i) हार जाना |
| b. मुँह की खाना | ii) मेहनत से बचना |
| c. जी चुराना | iii) याचना करना |
| d. हाथ फैलाना | iv) आमदनी बढ़ना |
| e. पीठ दिखाना | v) निगरानी करना |
| | vi) हारकर भाग जाना |

**खण्ड–'ख'**

**II.अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 2×3=6**

17. मनुष्य का परम धर्म क्या है? उसकी रक्षा कैसे करनी चाहिए?
18. मन्नू भंडारी के पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है?
19. मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए।
20. नारद आखिर भोलाराम का पता कैसे लगाते हैं?

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: 2×3=6**

21. 'क्रोधी तो सदा के हैं। अब किसी की सुनेंगे थोड़े ही।'
22. 'बेटा, सत्य तो निर्भय है। उसे किसी का डर नहीं।'

23. 'ओ अम्मी ! तुमने तो आज रंग ला दिया|'

24. 'यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे|'

**III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए: 1×3=3**

25. परिश्रम के महत्व के प्रति रैदास के क्या विचार हैं ?

26. रहीम के अनुसार वाणी को क्यों संयत रखना चाहिए ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए: 1×3=3**

27. 'कायर मत बन' कविता के द्वारा कवि हमें क्या संदेश देते हैं ?

28. वृक्ष के न दिखने पर कवि उसकी यादों में कैसे खो गये ?

29. राजस्थान की वीरता के संबंध में कवि 'मानव' के क्या विचार हैं ?

**इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: 2×3=6**

30. ऊधौ हम आजु भईं बड़ - भागी |
जिन अँखियन तुम स्याम बिलोके, ते अँखियन हम लागीं |
जैसे सुमन बास लै आवत, पवन मधुप अनुरागी |
अति आनंद होत है तैसैं, अंग-अंग सुख रागी।

**अथवा**

अति अगाधु, अति औथरौ, नदी, कूप, सरु, बाइ |
सो ताकौ सागरु जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ ||

31. क्या अमरों का लोक मिलेगा ?
तेरी करुणा का उपहार ?
रहने दो हे देव ! अरे
यह मेरा मिटने का अधिकार !

**अथवा**

मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
हो कहीं भी आग, लेकिन आग जलनी चाहिए |

**खण्ड–'ग'**

**IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: 1×5=5**

32. दादा जी के 'बड़प्पन' के संबंध में क्या विचार थे ?

**अथवा**

इन्दु का चरित्र चित्रण कीजिए |

**आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए: 1×4=4**

33. शास्त्रार्थ में पंडितों को हराते देख पिता ने भारवि के बारे में क्या सोचा ?

**अथवा**

'प्रतिशोध' एकांकी के उद्देश्य को अपने शब्दों में लिखिए।

**खण्ड–'घ'**

**V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए: 1×3=3**

34. i) सैनिक देश का रक्षा करते हैं।
ii) यह एक इतिहासिक घटना है।
iii) मेरे को पढ़ाई करनी है।

**आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए: 1×3=3**

35. i) वह मुझे मुम्बई बुला रहा था। (वर्तमान काल में बदलिए)
ii) छात्र परीक्षा लिखते हैं। (भविष्यत् काल में बदलिए)
iii) उसे पहले की घटना याद आएगी। (भूतकाल में बदलिए)

**इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: 1×3=3**

36. i) कवि ii) विद्यार्थिनी iii) पंडित

**ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए: 1×3=3**

37. i) जिसकी तुलना न की जा सके
ii) नीचे लिखा हुआ
iii) जो पुत्र गोद लिया हो

**उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: 1×2=2**

38. i) ज्ञान ii) क्रमण

**ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिए: 1×2=2**

39. i) पागलपन ii) जानकारी

**VI.अ) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 1×4=4**

40. जब समाचार-पत्रों में सर्वसाधारण के लिए कोई सूचना प्रकाशित की जाती है तो उसको विज्ञापन कहते हैं। यह सूचना नौकरियों से संबंधित हो सकती है, खाली मकान को किराये पर उठाने के संबंध में हो सकती है या किसी औषधि के प्रचार से संबंधित हो सकती है। कुछ लोग विज्ञापन के आलोचक हैं। वे इसे निरर्थक मानते हैं। उनका मानना है कि यदि कोई वस्तु यथार्थ रूप में अच्छी है तो वह बिना किसी विज्ञापन के ही लोगों के बीच लोकप्रिय हो जाएगी जबकि खराब वस्तुएँ विज्ञापन की सहायता पाकर भी भंडाफोड़ होने पर बहुत दिनों तक टिक नहीं पाएँगी, परंतु लोगों की यह सोच ग़लत है।

आज के युग में मानव का प्रचार-प्रसार का दायरा व्यापक हो चुका है। अत: विज्ञापनों का होना अनिवार्य हो जाता है।

**प्रश्न:** i) विज्ञापन किसे कहते हैं?

ii) विज्ञापन को निरर्थक माननेवाले कौन हैं?

iii) विज्ञापन के आलोचकों के अनुसार कौन–सी वस्तु लोकप्रिय हो जाएगी?

iv) विज्ञापनों का होना अनिवार्य क्यों है?

**आ) निबंध लिखिए:** **1×4=4**

41. विद्यार्थी और अनुशासन

**अथवा**

आपको आगामी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए की जा रही तैयारी के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए।

**इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए:** **1×3=3**

42. i) ಶಾಲೆಗಳು ಜ್ಞಾನದ ಅಡಿಪಾಯವಾಗಿವೆ.

Schools are the foundation of learning.

ii) ಯುವ ವರ್ಗವು ದೇಶದ ಅಮೂಲ್ಯವಾದ ಆಸ್ತಿ.

Youths are valuable asset of the nation.

iii) ಮಾನವನು ದೇವರ ಉತ್ತಮ ಸೃಷ್ಟಿಯಾಗಿದ್ದಾನೆ.

Human being is the finest creation of God.

***